1. विश्वविद्यालयीय पत्रांक 1000/19 दिनांक 22.07.2019 के आलोक में गुरूकुल संस्कृत महाविद्यालय वैरगनियाँ (सीतामढ़ी) बिहार, पिन कोड नं0–843313 संस्कृत महाविद्यालय में विभिन्न स्वीकृत रिक्त पदों पर सहायक प्राचार्यो एवं निम्नवर्गीय लिपिकों के रूप में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमान पर सेवा देने के इच्छुक पदानुरूप परिनियत योग्यताधारी भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं, जो www.gscbairagania.in (महाविद्यालयीय वेवसाईट) पर दिनांक– 01.08.2019 से 31.08.2019 तक प्राप्त हो जाना चाहिए। साथ ही आवेदन की हार्ड कॉपी महाविद्यालय सचिव के पदनाम से दिनांक 31.8.2019 तक डाक द्वारा अवश्य पहुँच जाना चाहिए। बिहार सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग, संकल्प ज्ञापांक 11/आ0नी0–1–1–11/2015 सा0प्र0 963 दिनांक 20.01.2016 एवं 20.06.2019 दिवसीय अभिषद् के निर्णय संख्या 3 के अनुसार अनारक्षित तथा निम्नलिखित कोटि के आरक्षित रिक्त पदों की स्थिति इस प्रकार है।

| क्र.सं. | पद | वेतनमान | विषय | कोटि | अर्हता | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक प्राचार्य | 15600–39100 ग्रेड पे–6000 रेशनलाईज्ड ईंटरिम पे–57700 | वेद | सामान्य (एकल पद) | आचार्य न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक के साथ | वेट/नेट/सेट अथवा 2019/16 रेगुलेशन से पी0एच0डी0 |
| 2 | सहायक प्राचार्य | 15600–39100 ग्रेड पे–6000 रेशनलाईज्ड ईंटरिम पे–57700 | हिन्दी | अनारक्षित | एम0ए0 न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक के साथ | वेट/नेट/सेट अथवा 2019/16 रेगुलेशन से पी0एच0डी0 |
| 3 | सहायक प्राचार्य | 15600–39100 ग्रेड पे–6000 रेशनलाईज्ड ईंटरिम पे–57700 | अंग्रेजी | सामान्य (एकल पद) | एम0ए0 न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक के साथ | वेट/नेट/सेट अथवा 2019/16 रेगुलेशन से पी0एच0डी0 |
| 4 | सहायक प्राचार्य | 15600–39100 ग्रेड पे–6000 रेशनलाईज्ड ईंटरिम पे–57700 | साहित्य | अति पिछड़ा वर्ग | आचार्य न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक के साथ | वेट/नेट/सेट अथवा 2019/16 रेगुलेशन से पी0एच0डी0 |
| 5 | सहायक प्राचार्य | 15600–39100 ग्रेड पे–6000 रेशनलाईज्ड ईंटरिम पे–57700 | व्याकरण | अति निछड़ा वर्ग | आचार्य न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक के साथ | वेट/नेट/सेट अथवा 2019/16 रेगुलेशन से पी0एच0डी0 |

शिक्षकेतर कर्मियों के तृतीय वर्गीय के लिए

| क्र.सं. | पद | वेतनमान | कोटि | अर्हता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निम्न वर्गीय लिपिक – दो पद | 5200–20200 ग्रेड पे– 1900 रेशनलाईज्ड ईंटरिम पे–19900 | सामान्य –1 पद, अ0पि0व0 –1 पद | इन्टरमीडिएट समकक्ष कम्प्युटर टंकण में प्रति मिनट हिन्दी में 25 शब्द एवं अंग्रेजी में 30 शब्द टंकण की योग्यता |

2. **आरक्षण** : आवेदन पत्र में नियत क्रमांक के अधीन अंकित आरक्षण का दावा नहीं करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। आरक्षण की सुविधा उन्हीं अभ्यर्थियों को मिलेगी जिनका स्थायी निवास विहार राज्य में है अर्थात जो विहार के मूल निवासी है। विहार राज्य से बाहर के निवासी–अभ्यर्थी आरक्षण के लाभ हेतु दावा नहीं कर सकेंगे।

3. **उम्र सीमा** : सहायक प्राचार्य के लिए विज्ञापन तिथि को न्यूनतम आयु 22 वर्ष लेकिन 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। शिक्षकेतर कर्मियों हेतु विज्ञापन तिथि को न्यूनतम आयु 18 वर्ष लेकिन 37 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष एवं कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार, विभाग, विहार, पटना की संकल्प सं0–62, दिनांक 05.11.2007 के आलोक में दिव्यांगता के आधार पर दिव्यांगों को 10 वर्षो की छूट अनुमान्य होगी। साथ ही महिला एवं OBC/EBC को 3 वर्षों की अधिकतम आयु सीमा में छुट होगी। SC/EBC कोटि के अभ्यर्थी को जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति हार्ड कॉपी में संलग्न करना आवश्यक होगा।

4. **शुल्क** :–

सहायक प्राचार्य पद हेतु आवेदन शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 2100/– रूपये एवं आरक्षित वर्ग के आवेदकों के लिए 1500/– रूपये देय होगा।

निम्न वर्गीय लिपिक पद हेतु आवेदन शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 1100/– रूपये एवं आरक्षित वर्ग के लिए 800/– रूपये देय होगा।

5. **आवेदन शुल्क** :–

महाविद्यालयीय खाता संख्या 32127516605 बैंक का नाम भारतीय स्टेट बैंक शाखा वैरगनिया, सीतामढ़ी IFC Code SBIN0002906 में निर्धारित तिथि तक जमा कर सहायक प्राचार्य पद हेतु अन्तर्वीक्षा के समय प्रपूरित मूल आवेदन पत्र, बैंक रसीद की मूल प्रति तथा समस्त शैक्षणिक अभिलेख की मूल प्रति एवं स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति (दो प्रतियों में) साथ लाना अनिवार्य होगा। शुल्क के रूप में बैंक ड्राफ्ट, चेक आदि स्वीकार नहीं होगा।

6. निम्न वर्गीय लिपिक लिखित परीक्षा के एक दिन पूर्व कार्यालय समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से 4:00 बजे अपराह्न तक प्रपूरित मूल आवेदन पत्र, बैंक रसीद की मूल प्रति तथा समस्त शैक्षणिक अभिलेख की मूल प्रति सत्यापन हेतु एवं स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति (दो प्रतियों में) साथ लाना अनिवार्य होगा। शुल्क के रूप में बैंक ड्राफ्ट, चेक आदि स्वीकार नहीं होगा।

7. **चयन प्रक्रिया :–**

सहायक प्राचार्य पद हेतु शैक्षणिक अहर्ता के लिए 85 अंक एवं साक्षात्कार के लिए 15 अंक होंगे। शैक्षणिक अहर्ता एवं साक्षात्कार के लिए अंकों का विवरण निम्नवत् होगा :–

| क्र0सं0 | परीक्षा | अधिकतम अधिभार | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| i | माध्यमिक/समकक्ष | 10 | राजभवन, पटना के मेमो नं0 बी0एस0यु–25/14–1359/G/S1 दिनांक– 11.9.14 के अनुसार |
| ii | इन्टरमीडिएट/समकक्ष | 10 | |
| iii | स्नातक/समकक्ष | 25 | |
| iv | स्नातकोत्तर | 30 | |
| v | नेट/बेट/सेट/पी–एच0डी0/एम0फिल | 10 | |
| vi | उप योग | 85 | |
| vii | साक्षात्कार | 15 | |
| viii | कुल योग | 100 | |

- यद्यपि अभ्यर्थियों को पी–एच0डी0/एम0फिल0 डिग्री का लाभ मिलेगा, तथापि अभ्यर्थी या तो एम0फिल या तो पी–एच0डी0 का लाभ का दावा करने का पात्र होगा, दोनों कदापि नहीं।
- ग्रेड बिन्दुओं के समतुल्य प्रतिशत में संपरिवर्तन संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा विनिश्चित संपरिवर्तन फार्मुला के अनुसार किया जायेगा। परन्तु जहॉ विश्वविद्यालय/बोर्ड द्वारा ग्रेड बिन्दुओं का समतुल्य प्रतिशत संपरिवर्तन फार्मुला विनिश्चित नहीं किया गया तथा जहॉ ग्रेड विन्दु प्रणाली नहीं अपनायी जाती हो, वहॉ शैक्षणिक मेधा के लिए अंकों का विनिश्चय राजभवन, पटना के मेमो नं0 बी0एस0यु–25/14–1359/G/S1 दिनांक– 11.9.14 में संलग्न अनुसूची (Schedule) i, ii, iii, iv एवं v के अनुसार किया जायेगा।

8. आरक्षण रोस्टर :– अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत रिक्त तथा आरक्षण रोस्टर के आधार पर मेधा सूची तैयार की जाएगी। शैक्षणिक अहर्ता तथा साक्षात्कार के आधार पर प्राप्त अंक एक समान होने पर ऐसे अभ्यर्थियों को जिन्हें शैक्षणिक अहर्ता में अधिक अंक प्राप्त हुआ हो मेधा सूची में उच्चतर स्थान पर रखा जायेगा। शैक्षणिक अहर्ता का प्राप्तांक समान होने की स्थिति में जन्म तिथि के आधार पर उच्चतर स्थान पर रखा जायेगा और ऐसे अभ्यर्थियों की जन्मतिथि समान होने पर अभ्यर्थी जिनका नाम देवनागरी लिपि में वर्णक्रम में प्रथम हो अंतिम मेधा सूची में उसे उच्चतर स्थान पर रखा जायेगा।

9. अंतिम तिथि :–

क. आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्ति की अंतिम तिथि 31.08.2019 सायं 4:30 बजे होगी।

ख. सहायक प्राचार्य पद हेतु अन्तर्वीक्षा के लिए चयनित योग्य अभ्यर्थियों की सूची महाविद्यालयीय वेवसाईट www.gscbairagania.in पर अपलोड किया जायेगा। इस सूची को देखकर अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अन्तर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए निर्धारित स्थान सनातन धर्म जिला केन्द्रीय पुस्तकालय, सीतामढ़ी में उपस्थित होंगे। अन्तर्वीक्षा के लिए निबंधित डाक द्वारा सूचित की जायेगी। अन्तर्वीक्षा के लिए यात्रा–व्यय अभ्यर्थी द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा।

साथ ही निम्नवर्गीय लिपिक के लिए लिखित परीक्षा आयोजन तिथि की सूचना महाविद्यालयीय वेवसाईट www.gscbairagania.in पर लोड कर दी जायेगी। यह परीक्षा केन्द्र सनातन धर्म जिला केन्द्रीय पुस्तकालय, सीतामढ़ी विहार में होगी। लिखित परीक्षा के लिए किसी भी प्रकार का पत्राचार पृथकतया नहीं किया जाएगा एवं यात्रा–व्यय अभ्यर्थी द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा।

ग. आवेदन पत्र की स्कैन की हुई कॉपी एवं आवेदन शुल्क जमा रसीद की स्कैन की हुई कॉपी निर्धारित तिथि के अंदर महाविद्यालयीय ईमेल आई0डी0 gurukulsanskritcollege@gmail.com. पर प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

घ. सहायक प्राचार्य अभ्यर्थी की योग्यता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित अद्यतन योग्यता मानी जायेगी तथा विहार सरकार के आरक्षण नियमों का पालन किया जायेगा।

ङ. विशेष परिस्थिति में किसी भी विषय की अन्तर्वीक्षा/चयन नियुक्ति को आंशिक या पूर्णरूप से निरस्त करने का अधिकार शासीनिकाय को होगा।

10. परीक्षा :–

(a) सहायक प्राचार्य पद के लिए लिखित परीक्षा नहीं आयोजित की जाएगी।

(b) निम्नवर्गीय लिपिक के लिए 100 अंकों एवं 2:00 घंटे की परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा केन्द्र सनातन धर्म जिला केन्द्रीय पुस्तकालय, सीतामढ़ी बिहार में होगी। परीक्षा पाठ्यक्रम : अंकगणित, बीजगणित, व्यवसायिक गणित, करणी, मानसिक योग्यता, कम्प्यूटर, हिन्दी भाषा योग्यता, सामान्य ज्ञान एवं अभिज्ञता।

(c) निम्नवर्गीय लिपिक पद के लिए टंकन एवं लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की 50 अंकों की अन्तर्वीक्षा होगी। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची महाविद्यालयीय वेबसाईट www.gscbairagania.in पर परीक्षोपरान्त देखा जा सकता है। इस सूची को देखकर अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अन्तर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए निर्धारित स्थान सनातन धर्म जिला केन्द्रीय पुस्तकालय, सीतामढ़ी, महंथ साह चौक, सीतामढ़ी, बिहार में उपस्थित होंगे। अन्तर्वीक्षा के लिए यात्रा–व्यय अभ्यर्थी द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा।

(d) अन्तर्वीक्षा के लिए अभ्यर्थी को डाक द्वारा पत्र भी प्रेषित किया जाएगा।

11. निर्देश :–

(a) निर्देश को सावधानीपूर्वक पढ़ने के बाद ही आवेदन प्रपत्र पूर्णरूप से भरें।

(b) आवेदन महाविद्यालय वेबसाइट पर निर्धारित प्रपत्र में A4 साईज के कागज पर मुद्रित अथवा टंकित कराकर अपनी लिखावट में भरें। जो लागू न हो उसके सामने क्रॉस ( x ) का निशान लगावें।

(c) निर्धारित प्रपत्र से अलग और हस्तलिखित प्रपत्र में पूरित आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(d) यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहें तो वे प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग शुल्क के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करें।

सचिव